an>

Title: Regarding problems faced by students taking admission in class XI in Latur, Maharashtra.

डॉ. सुनील बलीराम गायकवाड़ (लातूर): धन्यवाद अध्यक्ष महोदया। मैं आपके माध्यम से एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।...(व्यवधान) महाराष्ट्र में लातूर मेरा लोक सभा संसदीय क्षेत्र है।...(व्यवधान) कुछ दिन पहले दसवीं और बारहवीं की परीक्षा का रिजल्ट आया।...(व्यवधान) ग्यारहवीं क्लास में प्रवेश के लिए मार्क्स का प्रतिशत बहुत बढ़ गया है।...(व्यवधान) लातूर में तो कई कॉलेज ऐसे हैं, जहां 97 प्रतिशत मार्क्स पर साइंस और कॉमर्स में प्रवेश बंद हो गया।...(व्यवधान) बहुत सारे महाविद्यालयों में प्रवेश मिलने के लिए सांसद व विधायक के पत्र देने पड़ते हैं, फिर भी बहुत बड़ी मात्रा में मेरिट के विद्यार्थियों को भी प्रवेश नहीं मिला।...(व्यवधान)

महोदया, मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार और राज्य सरकार से विनती करता हूं कि दसवीं पास होने वाले सभी विद्यार्थियों को ग्यारहवीं और डिप्लोमा में सरल प्रवेश मिले और सरकार इसे ध्यान देकर राज्य सरकार को सूचना दें कि कोई भी विद्यार्थी शिक्षा से वंचित न रहे। धन्यवाद।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत तथा

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को डॉ. सुनील बलीराम गायकवाड़ द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री पी.के.बिजू; - उपस्थित नहीं हैं।